अमर उजाला

05.12.2018

आईआईटी में 98 छात्र छात्राओं को मिला ऑफर

आईआईटी बीएचयू में कैंपस प्लेसमेंट का चौथा दिन

अमर उजाला ब्यूरो

आईआईटी बीएचयू में कैंपस प्लेसमेंट के लिए पहुंचे छात्र।

वाराणसी। आईआईटी बीएचयू में कैंपस प्लेसमेंट के चौथे दिन मंगलवार को 25 कंपनियों की ओर से 98 छात्र-छात्राओं को अलग-अलग पदों पर ऑफर दिए गए। चौथे दिन सबसे अधिक 20 लाख रुपये का आफर मिला जबकि सात लाख रुपये का न्यूनतम पैकेज रहा। मंगलवार को दूसरे चरण में हुए प्लेसमेंट का परिणाम बुधवार को आएगा।

संस्थान में एक दिसंबर से चल रहे कैंपस प्लेसमेंट में पंजीकृत 1151 छात्र-छात्राओं में अब तक 624 का चयन हो चुका है। पहले दिन 165, दूसरे दिन 144,तीसरे दिन 66 और चौथे दिन मंगलवार को 98 छात्र-छात्राओं का चयन अलग-अलग पदों पर किया गया। आर्यभट्ट छात्रावास में चल रहे प्लेसमेंट में मंगलवार को रिलायंस जियो, सिनोप्सिस, इलास्टिक रन, ब्नी मेलन, सेपियंट, वेरिटास, टाटा स्टील, सिटी पूणे, फायर आई, रिलायंस जियो आदि कंपनियों के प्रतिनिधियों ने आनलाइन टेस्ट, साक्षात्कार के बाद छात्रों का चयन किया।

प्लेसमेंट सेल की ओर से जारी परिणाम में चौथे दिन सात लाख से लेकर 20 लाख रुपये तक का पैकेज रहा। एक से तीन दिसंबर तक 96 कंपनियां करीब 396 छात्र-छात्राओं का इंटरव्यू लेने के बाद 474 ऑफर लेटर दे चुकी हैं। इसके अतिरिक्त 33 कंपनियों ने इंटर्नशिप के दौरान ही 150 छात्र-छात्राओं को अपने यहां जॉब ऑफर कर दी थी।